Maharashtra: धुले में नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा, 250 किलो पनीर जब्त

महाराष्ट्र के धुले जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में नकली पनीर बनाया जा रहा था. जब स्थानीय अपराध जांच शाखा (LCB) को इसकी सूचना मिली, तो खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) और दुग्ध मिलावट निवारण समिति की टीम के साथ मिलकर छापा मारा गया. इस कार्रवाई में 250 किलो नकली पनीर जब्त कर नष्ट कर दिया गया.

सूचना के आधार पर जब शौर्य दूध डेयरी नामक फैक्ट्री पर छापा मारा गया, तो स्किम्ड मिल्क पाउडर और अन्य हानिकारक सामग्री से पनीर तैयार किया जा रहा था. टीम ने फैक्ट्री में रखे सामान और तैयार नकली पनीर को जब्त कर लिया. यह कार्रवाई स्थानीय अपराध जांच शाखा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन और दुग्ध मिलावट निवारण समिति की संयुक्त टीम द्वारा की गई. कार्रवाई के दौरान मौके पर स्थानीय अपराध अन्वेषण शाखा के पुलिस निरीक्षक श्रीराम पवार, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त संदीप देवरे और दूध मिलावट समिति के अधिकारी अमित पाटिल मौजूद थे.

Source: https://www.aajtak.in/india/maharashtra/story/fake-paneer-factory-raided-in-dhule-250kg-seized-lclar-rptc-2203251-2025-03-29